# कार्यालय, भारतीय रेडक्रास सोसायटी
## जिला शाखा सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्र./रेडक्रास /2024/ 9249 सारंगढ़, दिनाँक 06/11/2024

### //भर्ती हेतु विज्ञापन//

भारतीय रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा रायपुर छ.ग. द्वारा जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ हेतु 01 मोबाईल मेडिकल यूनिट (MMU) चलित वाहन इकाई संचालन हेतु मानव संसाधन की अस्थाई संविदा भर्ती निम्नालिखित नियम एवं शर्तों के अधीन किया जाना है। मोबाईल मेडिकल यूनिट (MMU) के मानव संसाधन की पूर्ति हेतु वाक–ईन आयोजित किया जाना है। इच्छुक पात्र उम्मीदवार नीचे दिये गये विवरण अनुसार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर निर्धारित समय एवं स्थान में स्वयं उपस्थित होकर वाक–इन में शामिल हो सकते हैं।

**रिक्त पदों का विवरण**

| क्रं. | पदनाम | भर्ती हेतु पदो की संख्या | वेतनमान | शैक्षणिक योग्यता | वाक–इन दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | चिकित्सा अधिकारी | 01 | 80000 | MBBS | 18/11/2024 |
| 02 | स्टॉफ नर्स | 01 | 25000 | BSC Nursing or GNM Course Passed and Live Registration in CG Nursing Cousil | 18/11/2024 |
| 03 | लैब टेक्निशियन | 01 | 18000 | BMLT/DMLT with Registration CG Paramedical Counsil | 19/11/2024 |
| 04 | वाहन चालक | 01 | 18000 | 8th passed and Live Heavy Vehicle License | 19/11/2024 |

**वाक–इन प्रक्रिया के निम्नानुसार चरण होंगे:–**

| क्रं. | निर्धारित समय | वाक–इन प्रक्रिया के चरण | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 09:00 AM to 11:00 AM | अभ्यर्थियों का आवेदन पंजीयन | पद क्रमांक 01 एवं 02 हेतु दिनांक 18.11.2024 एवं पद क्रमांक 03 एवं 04 हेतु दिनांक 19.11.2024 को वाक–इन आयोजित की जावेगी। |
| 2 | 02:00 PM | प्राप्त आवेदनों की पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन | |
| 3 | 02:00 PM to 03:00 PM | दावा आपत्ति | |
| 4 | 05:00 PM | अंतिम पात्र–अपात्र सूची एवं वरियता सूची, चयन सूची का प्रकाशन | |

- **पात्रता:–** तालिकानुसार दर्शित पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्तम्भ क्रमांक 05 में उल्लेखानुसार। स्टॉफ नर्स पद हेतु बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दिया जावेगा।
- **आवेदन का तरीका:–** संलग्न प्रारूप में आवेदन स्पष्ट भरकर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ में अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं उपस्थित होकर समय सुबह 09:00 से 11:00 बजे तक जमा किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आवेदनो को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।
- **आवेदन शुल्क:–** भर्ती हेतु निर्धारित आवेदन शुल्क 200 रू. लिया जाना है। आवेदन शुल्क के लिये जिला रेडक्रास सोसायटी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कक्ष क्रं. 06 में विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात कार्यालयीन समय एवं दिवसों में जमा कर पावती लिया जा सकता है। वाक–इन दिनांक को आवेदन के साथ आवेदन शुल्क की जमा पावती संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा बिना पावती संलग्न किये आवेदनों को अमान्य किया जावेगा।
- **भर्ती का तरीका:–** प्राप्त आवेदनो में से रिक्तियों के आधार पर तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज अवलोकन उपरांत मेरिट सूची जारी की जावेगी एवं प्रवीणता के आधार पर विज्ञापित पद के विरूद्ध अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

- ❖ शैक्षणिक योग्यता – 80 % वांछित अनिवार्य योग्यता का भारांक।
- ❖ अनुभव – प्रतिवर्ष 02 अंक के आधार पर अधिकतम 20 अंक।
  – कोविड अनुभव का 10 अंक अतिरिक्त बोनस।

❖ अनुभव अंक का निर्धारण –

1. अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्रीय अथवा राज्य शासन का उपक्रम) संस्था/उपक्रम/निगम मंडल का ही मान्य होगा। आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, नियुक्ति आदेश संलग्न नहीं होने की स्थिति में अनुभव को अमान्य किया जावेगा।
2. अनुभव प्रमाण पत्र (अंको की गणना हेतु) विज्ञापित पदों पर पद से संबंधित कार्यअनुभव हेतु केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्रीय अथवा राज्य शासन का उपक्रम) संस्था/उपक्रम/निगम मंडल का अनुभव ही मान्य होगा तथा **निःशुल्क सेवा अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गये पदों के अनुभव मान्य नहीं किये जायेंगे।**
3. शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग के प्रति वर्ष के अनुभव हेतु 02 अंक एवं अधिकतम 10 वर्ष हेतु 20 अंक प्रदान किया जावेगा। अनुभव के अंको की गणना एक पूर्ण वार्षिक अवधि के आधार पर किया जावेगा एवं एक वर्ष से कम के अनुभव पर अंको की गणना नहीं किया जावेगा।
4. छ.ग. शासन के पत्र क्रं. एफ 1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 03.02.2023 के तहत कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय संस्थाओं में नियुक्त एवं 01 वर्ष में 06 माह तक का कार्यअनुभव/सेवा देने वाले अभ्यर्थी को छः माह का कार्यानुभव रखने पर अनुभव के अधिकतम 10 बोनस अंको का लाभ दिया जावेगा। इस हेतु नियुक्ति आदेश तथा नियोक्ताकर्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।

- **आवेदन संबंधी शर्तें एवं अन्य दिशा निर्देशः–**

1. उक्त विज्ञापन से संबंधित जानकारियां जिले के वेबसाईट sarangarh-bilaigarh.cg.gov.in में प्रकाशित की जावेगी तथा इसके संबंध में पत्र के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। अतः वेबसाईट के निरंतर अवलोकन करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
2. अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के मूल निवासी को प्राथमिकता दिया जावेगा।
3. प्रत्येक आवेदकों को चाहिये की विज्ञापन में दिये गये दिशा निर्देशो में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें यदि कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उक्त अपूर्णता के आधार पर आवेदन को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
4. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाना होगा।
5. उपरोक्त पद पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था/विश्व विद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं चिकित्सकीय पदों हेतु मेडिकल कौसिंल पंजीयन जीवित प्रमाण पत्र, वाहन चालक हेतु हैवी व्हीकल ड्राईविंग लाईसेंस प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति स्वयं सत्यापित कर एवं आवेदन शुल्क की जमा पावती संलग्न करें। उपरोक्त दस्तावेज संलग्न नही किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।
6. आवेदन भरने की तिथि तक आवेदक के समस्त प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना आवश्यक है। आवेदक को चाहिए कि आवेदन भरते समय आवश्यक सावधानी बरतें।
7. नियुक्ति एक वर्ष हेतु पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय होगा। जो कि प्रत्येक वर्ष अधिकारी/कर्मचारी के वार्षिक कार्य मूल्यांकन कर अनुशंसा के आधार पर अथवा भारतीय रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा रायपुर छ.ग. से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर सेवा की निरंतरता का निर्धारण किया जावेगा एवं कार्य असंतोषप्रद पाये जाने की स्थिति में तत्काल पद से विमुक्त किया जावेगा।
8. चयनित अभ्यर्थी की सेवा संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में किसी भी समय अस्थाई संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। चयनित अभ्यर्थी को त्यागपत्र देने से पूर्व 01 माह का सूचना देना अन्यथा 01 माह का मानदेय के समतुल्य राशि जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
9. आवेदन हेतु आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकत 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष अन्य पद हेतु होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2024 की स्थिति में की जावेगी।

Scanned with OKEN Scanner

10. जन्म तिथि के सत्यापन हेतु 10 वीं की अंकसूची ही मान्य होगी। पद क्रमांक 04 वाहन चालक पद हेतु 8 वीं की अंकसूची मान्य होगी।
11. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार का मानदेय प्रदाय नहीं किया जावेगा।
12. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अहर्ताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे अन्य आवेदन निरस्त किये जायेगें।
13. अभ्यर्थी को चाहिए वाक–इन पद्धति के समस्त चरणों में उपस्थित रहें। वाक–इन पद्धति में किसी भी चरण में अनुपस्थित पाये जाने पर अभ्यर्थी के उम्मीदवारी स्वतः समाप्त कर दी जावेगी, जिसके संबंध में कोई सूचना प्रदाय नही की जावेगी।
14. आवेदन को वाक–इन में उपस्थित होने के लिए विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
15. आवेदन मात्र करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी एवं कार्यादेश जारी होने पर ही नियुक्ति मान्य की जावेगी।
16. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र केवल मान्यता प्राप्त पंजीकृत संस्थाओं का ही मान्य होगा।
17. विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। यदि 02 या 02 से अधिक आवेदकों के कुल प्राप्तांक समान हो तो उनके चयन के प्राथमिकता का क्रम निम्नानुसार होगाः–
    I. आयु (अधिक आयु वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
    II. अनुभव (अधिक अनुभव वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
    III. कोविड अनुभव (06 माह का कार्यानुभव रखने वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
18. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ताकर्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।
19. प्रतिक्षा सूची– विज्ञापित पद के लिए प्राप्त आवेदनों के शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर मेरीट सूची तैयार की जावेगी। आवश्यकतानुसार इसी मेरीट क्रम में कार्यादेश समय–समय पर जारी किया जावेगा। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने/त्यागपत्र देने अथवा किसी भी कारण से पद रिक्त होने की स्थिति में मरीट सूची से निचले क्रम के अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा।
20. किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय लेने का सर्व अधिकार गठित चयन समिति को होगा।
21. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर पर सुधारी जा सकती है। ऐसा त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
22. भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों को उनके योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार चयन समिति को होगा।
23. निर्धारित तिथि/समय पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
24. आपराधिक प्रवृत्ति एवं कदाचार व अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।
25. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई या निरस्त की जा सकती है। चयन का पूरा अधिकार जिला चयन समिति का होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सह् पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

स्वयं द्वारा पासपोर्ट साइज फोटो पर हस्ताक्षर किया जावें जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पर होना चाहिए, चस्पा करें।

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
सह् पदेन सचिव भरतीय रेडक्रास सोसायटी,
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

आवेदित पद का नाम........................................

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ........................................
   (अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में) :– ........................................
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :– ........................................
3. माता का नाम :– ........................................
4. अ) जन्म तिथि (अंको में) :– ........................................
   ब) आयु 01 जनवरी 2024 की स्थिति में :– वर्ष..................माह..................दिन..................
5. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं :– ........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें )
6. क्या आप शासकीय सेवा के लिए मेडिकल प्राधिकारी द्वारा अयोग्य ठहराये गये है
   (यदि हॉ, तो पूर्ण विवरण लिखें) :– ........................................
7. क्या आप किसी न्यायालय/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/शैक्षिक संस्था में आपके विरूध कोई मामला लंबित है
   (यदि हॉ तो पूर्ण विवरण लिखें) :– ........................................
8. क्या आप किसी आपराधिक प्रकरण में गिरफ्तार किये गये है क्या आप पर अभियोजन चलाया गया है (यदि जुर्माना हुआ है या आप किसी आपराध में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराये गये है तो पूर्ण विवरण दें तथा साथ में अपराध कं धारा जिला सहित पूर्ण विवरण दर्शायें) :– ........................................
9. यदि आप शासकीय/अर्द्ध शासकीय कर्मचारी तथा छ.ग. राज्य/निगम/मण्डल के स्थायी/अस्थायी कर्मचारी हैं।
   (यदि हॉ तो अनुभव का पूर्ण विवरण लिखें) :– वर्ष–.................. माह–..................दिन–..................
   (तथा अपने विभागाध्यक्ष का एन.ओ.सी. संलग्न करें) :– ........................................
10. स्थायी निवास का पता :– ........................................
    ........................................
    ........................................
11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :– ........................................
    ........................................
    ........................................
    मोबाईल/दूरभाष नम्बर ........................................
    ईमेल आई.डी ........................................
12. छ.ग मेडिकल कॉन्सिल का जीवित पंजीयन :– ........................................
    :– ........................................
13. आवेदन शुल्क का विवरण :– राशि .................. पावती क्रं. ..................
14. शैक्षणिक योग्यता (वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें):–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

15. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या :— ..................................................

1. आठवीं/दसवीं/बारहवीं की अंकसूची :— ..................................................
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षो का) :— ..................................................
3. मूल निवास प्रमाण पत्र :— ..................................................
4. पहचान पत्र (आधार/वोटर आईडी/पेन कार्ड)
5. हैवी व्हीकल ड्राईविंग लाईसेंस (वाहन चालक पद हेतु):— ..................................................
6. छ.ग मेडिकल कॉन्सिल का जीवित पंजीयन : ..................................................
7. अन्य संलग्नों का विवरण :— ..................................................

1.................................................2..................................................

3.................................................4..................................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गयी जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण हैं। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कि जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

स्थान................................

दिनांक.............................

नाम...................................................

पता...................................................

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, भारतीय रेडक्रास सोसायटी
## जिला शाखा सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्र./रेडक्रास /2024/9223 सारंगढ़, दिनाँक 06/11/2024

**//वाक–इन सूचना//**

भारतीय रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा रायपुर छ.ग. द्वारा जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ हेतु 01 मोबाईल मेडिकल यूनिट (MMU) चलित वाहन इकाई संचालन हेतु मानव संसाधन की अस्थाई संविदा भर्ती हेतु वाक–इन किया जाना है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर निर्धारित तिथि एवं समय में निर्धारित स्थान कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में उपस्थित होकर वाक–इन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी हेतु जिले के वेबसाईट sarangarh-bilaigarh.cg.gov.in अथवा कार्यालयीन पटल का अवलोकन करें।

**पदों का विवरण**

| क्रं. | पदनाम | भर्ती हेतु पदो की संख्या | वेतनमान | वॉक–इन दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 01 | 80000 | दिनांक 18.11.2024 को आयोजित की जावेगी। |
| 2 | स्टॉफ नर्स | 01 | 25000 | |
| 3 | लैब टेक्निशियन | 01 | 18000 | दिनांक 19.11.2024 को आयोजित की जावेगी। |
| 4 | वाहन चालक | 01 | 18000 | |

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सह पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner